वेबसाईट : www.abvp.org पंजिकृत क्रमांक : S-385/1949-50

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद

केंद्रीय कार्यालय– 3, मार्बल आर्च, सेनापती बापट मार्ग, माटुंगा रोड (प.रे.), माहिम, मुंबई - 400016.
दूरभाष :(022) 24306321 / 24378866 फैक्स :24313938 ई–मेल : abvpkendra@gmail.com

दिनांक : 6 दिसम्बर 2019

-: प्रेस विज्ञप्ति :-

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सरकार से बलात्कार, वीभत्स हत्या जैसे जघन्यतम श्रेणी के अपराधों में लिप्त अपराधियों पर त्वरित अदालतों (fast track court) के माध्यम से अतिशीघ्र कार्यवाही करते हुए मृत्युदंड देने की माँग दोहराती है तथा साथ ही हैदराबाद सामूहिक बलात्कार, हत्या एवं शव को जलाने के आरोपियों द्वारा घटनास्थल पर पुलिस जाँच के समय कार्यवाही से भागने की अप्रत्याशित घटना का पुलिस द्वारा कड़े प्रत्युत्तर की परिस्थिति को अवश्यम्भावी मानती है।

वर्तमान में जिस प्रकार से समाज में कुछ घृणित मानसिकता के लोग अति अमानवीय कृत्यों को अंजाम दे रहे हैं, उसे देखते हुए शीघ्र कड़े कानून बनाना तथा समयबद्ध कार्यवाही ही पीड़ित को न्याय देने की व्यवस्था कर सकती है।

अभाविप की राष्ट्रीय महामंत्री सुश्री निधि त्रिपाठी ने कहा कि, "अलग-अलग स्थानों पर बलात्कार तथा हत्याएं जैसी घटित घटनाओं ने समाज को शर्मसार किया है। जघन्यतम श्रेणी के अपराधों में त्वरित अदालतों की कार्यवाही द्वारा शीघ्रातिशीघ्र अपराधियों को मृत्युदंड दिया जाए। हम सभी देशवासियों को मिलकर यह सुनिश्चित करना है कि हमारे देश में महिलाओं के लिए एक सुरक्षित वातावरण हो तथा हमें भयमुक्त समाज की दिशा में महत्वपूर्ण प्रयास करने होंगे , जिसमें अपराधियों के लिए तनिक भी रियायत नहीं हो।"

(यह प्रेस विज्ञप्ति केन्द्रीय कार्यालय मंत्री नीरज चौधरकर द्वारा जारी की गई है।)